Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to open procurement centres to purchase agricultural goods for full year for the farmers of Sheavasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । किसानों की बहुत गम्भीर समस्या पर मैं आज आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करूंगा । किसान की माली हालत को देखते हुए, उनके धान, गेहूं और तमाम अन्य फसलों के क्रय के लिए क्रय केंद्रों का कार्यक्रम चलता है, लेकिन यह बहुत कम समय के लिए चलाया जाता है । हमारा क्षेत्र श्रावस्ती बहुत पिछड़ा हुआ जनपद है । आज वहां किसान धान और गेहूं की फसल क्रय केंद्रों पर नहीं बेच पा रहे हैं । वहां लंबी लाइनें लगी हुई हैं ।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अपील करूंगा कि क्रय केंद्र, जिसे कुछ दिनों के लिए चलाया जाता है, उसे पूरे वर्ष चलाया जाए, जिससे धान और गेहूं हमेशा खरीदा जा सके । धान की फसल, गेहूं की फसल और तमाम ऐसी चीजें हैं, जिनको बेचने से किसान खुशहाल होगा । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि किसानों के हित को देखते हुए, क्रय केंद्र पूरे साल चलाया जाए, जिससे किसान खुशहाल हो, धन्यवाद ।